(b) 3 and 4 only

(c) 2 and 4 only

(d) 3 only

**106.** Areas which are engines for economic growth supported by quality infrastructure and complemented by an attractive fiscal package are known as

(a) Export Processing Zones

(b) Duty Free Tariff Zones

(c) Special Economic Zones

(d) Technology Parks

**107.** Deserts, fertile plains and moderately forested mountains are the characteristic features of which one of the following regions of India ?

(a) South-Western border along Arabian Sea

(b) Coromandel Coast

(c) North-Eastern Frontier

(d) North-Western India

**108.** A racing car accelerates on a straight road from rest to a speed of 50 m/s in 25 s. Assuming uniform acceleration of the car throughout, the distance covered in this time will be

(a) 625 m

(b) 1250 m

(c) 2500 m

(d) 50 m

**109.** A man weighing 70 kg is coming down in a lift. If the cable of the lift breaks suddenly, the weight of the man would become

(a) 70 kg

(b) 35 kg

(c) 140 kg

(d) Zero

**110.** A given conductor carrying a current of 1 A produces an amount of heat equal to 2000 J. If the current through the conductor is doubled, the amount of heat produced will be

(a) 2000 J

(b) 4000 J

(c) 8000 J

(d) 1000 J

**104.** रोगवाहक और रोगों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

| | *रोगवाहक* | | *रोग* |
|---|---|---|---|
| 1. | ऐनोफेलीज़ | : | मलेरिया |
| 2. | *ऐडीज़ ऐजिप्टी* | : | चिकनगुनिया |
| 3. | सेट्सी मक्खी | : | फाइलेरिया रोग |
| 4. | खटमल | : | निद्रा-रोग |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 4

(d) केवल 2

**105.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सभी शूलचर्मी (एकाइनोडर्म) समुद्री नहीं होते ।
2. स्पंज अनन्य रूप से समुद्री होते हैं ।
3. कीट सभी प्रकार के आवासों में पाए जाते हैं ।
4. कई नर-वानर गण (प्राइमेट्स) वृक्षवासी होते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1, 3 और 4

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 3

**106.** गुणता-संपन्न आधारिक संरचना-युक्त और किसी आकर्षक राजकोषीय पैकेज द्वारा संपूरित क्षेत्र, जो आर्थिक विकास के वाहक हों, क्या कहलाते हैं ?

(a) निर्यात प्रक्रमण ज़ोन

(b) शुल्क मुक्त टैरिफ ज़ोन

(c) विशेष आर्थिक ज़ोन

(d) टेक्नॉलॉजी पार्क

**107.** मरुस्थल, उर्वर मैदान और मध्यम रूप से वनाच्छादित पर्वत, भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस एक की लाक्षणिक विशेषताएँ हैं ?

(a) अरब सागर के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिमी सीमा

(b) कोरोमंडल तट

(c) उत्तर-पूर्वी सीमांत क्षेत्र

(d) उत्तर-पश्चिमी भारत

**108.** एक रेसिंग कार किसी सीधी सड़क पर विरामावस्था से त्वरण लेते हुए 25 s में 50 m/s की चाल प्राप्त कर लेती है । यह मानते हुए, कि कार का त्वरण पूरे समय के दौरान एकसमान है, इस समय में तय की गई दूरी क्या होगी ?

(a) 625 m

(b) 1250 m

(c) 2500 m

(d) 50 m

**109.** कोई 70 kg भार वाला व्यक्ति लिफ्ट से नीचे आ रहा है । यदि लिफ्ट की केबिल अचानक टूट जाए, तो व्यक्ति का भार क्या हो जाएगा ?

(a) 70 kg

(b) 35 kg

(c) 140 kg

(d) शून्य

**110.** एक दिए गए चालक में 1 A धारा प्रवाहित हो रही है । वह 2000 J के बराबर ऊष्मा उत्पादित करता है । यदि चालक में प्रवाहित धारा को दुगुना कर दिया जाए, तो उत्पादित ऊष्मा की मात्रा क्या होगी ?

(a) 2000 J

(b) 4000 J

(c) 8000 J

(d) 1000 J

111. Which one of the following carbon compounds will ***not*** give a sooty flame ?

(a) Benzene

(b) Hexane

(c) Naphthalene

(d) Anthracene

112. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List I* *(Molecule)* | | *List II* *(Product of digestion)* |
|---|---|---|
| A. | Proteins | 1. Nitrogenous bases and pentose sugars |
| B. | Carbohydrates | 2. Fatty acids and glycerol |
| C. | Nucleic acids | 3. Monosaccharides |
| D. | Lipids | 4. Amino acids |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

113. In Thar region, the shifting sand dunes are locally known as

(a) Dhrian

(b) Daurs

(c) Dhoros

(d) Dhaya

114. The impulse on a particle due to a force acting on it during a given time interval is equal to the change in its

(a) force

(b) momentum

(c) work done

(d) energy

115. Which one of the following statements with regard to expansion of materials due to heating is ***not*** correct ?

(a) As ice melts, it expands uniformly up to 4°C.

(b) Mercury thermometer works using the principle of expansion due to heating.

(c) Small gap is kept between two rails to allow for expansion due to heating.

(d) The length of metallic wire increases when its temperature is increased.

**111.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, कार्बन यौगिक कज्जली ज्वाला *नहीं* देगा ?

(a) बेंज़ीन

(b) हेक्सेन

(c) नैफ़्थलीन

(d) ऐन्थ्रसीन

**112.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (अणु)* | *सूची II (पाचन के उत्पाद)* |
|---|---|
| A. प्रोटीन | 1. नाइट्रोजनी क्षारक और पेन्टोस शर्करा |
| B. कार्बोहाइड्रेट | 2. वसा-अम्ल और ग्लिसरॉल |
| C. न्यूक्लीक अम्ल | 3. मोनोसैकराइड |
| D. लिपिड | 4. ऐमीनो अम्ल |

***कूट :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**113.** थार क्षेत्र में, बालू के स्थानान्तरी टीलों को किस स्थानीय नाम से जाना जाता है ?

(a) ध्रियन

(b) डाउर

(c) धोरोस

(d) धाया

**114.** किसी कण पर किसी दिए गए समयांतराल के दौरान कार्यशील बल के कारण उस कण पर आवेग

(a) उसके बल में परिवर्तन के बराबर होता है

(b) उसके संवेग में परिवर्तन के बराबर होता है

(c) उसके किए गए कार्य में परिवर्तन के बराबर होता है

(d) उसकी ऊर्जा में परिवर्तन के बराबर होता है

**115.** तापन के कारण पदार्थों में होने वाले प्रसरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही *नहीं* है ?

(a) जैसे-जैसे बर्फ पिघलती है, इसमें 4°C तक एकसमान प्रसरण होता है ।

(b) पारद तापमापी, तापन के कारण प्रसरण होने के सिद्धांत के आधार पर कार्य करता है ।

(c) दो रेल-पटरियों के बीच, तापन के कारण होने वाले प्रसरण की गुंजाइश रखने के लिए थोड़ा अंतराल रखा जाता है ।

(d) किसी धातु के तार का ताप बढ़ाने पर उसकी लम्बाई बढ़ती है ।

**116.** Which of the following pairs is/are correctly matched ?

| | *(National Park)* | | *(Famous for)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Ranthambhore | : | Tiger |
| 2. | Periyar | : | Elephant |
| 3. | Manas | : | Lion |
| 4. | Gir | : | Rhinoceros |

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 1 and 2 only

(c) 1 and 4 only

(d) 2 only

**117.** Which one of the following is ***not*** a form of stored energy ?


(a) Nuclear energy

(b) Potential energy

(c) Electrical energy

(d) Chemical energy

**118.** The motion of a car along a straight path is shown by the following figure :




The car starts from O and reaches at A, B and C at different instants of time. During its motion from O to C and back to B, the distance covered and the magnitude of the displacement are, respectively

(a) 25 km and 60 km

(b) 95 km and 35 km

(c) 60 km and 25 km

(d) 85 km and 35 km

**119.** Jelep La pass is located in

(a) Punjab Himalaya

(b) Sikkim Himalaya

(c) Kumaon Himalaya

(d) Kashmir Himalaya

**120.** What is the number of mole(s) of $H_2$(g) required to saturate one mole benzene ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

116. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

| *(राष्ट्रीय उद्यान)* | | *(जिसके लिए प्रसिद्ध है)* |
|---|---|---|
| 1. रणथम्भोर | : | बाघ |
| 2. पेरियार | : | हाथी |
| 3. मानस | : | सिंह |
| 4. गीर | : | गैंडा (राइनोसिरस) |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 4

(d) केवल 2

117. निम्नलिखित में से कौन-सी एक, संचित ऊर्जा ***नहीं*** है ?


(a) नाभिकीय ऊर्जा

(b) स्थितिज ऊर्जा

(c) विद्युत् ऊर्जा

(d) रासायनिक ऊर्जा

118. किसी सरलरेखीय मार्ग के अनुदिश एक कार की गति को नीचे दी गई आकृति द्वारा दर्शाया गया है :




कार O से प्रारम्भ होकर, A, B और C पर अलग-अलग समय पर पहुँचती है । O से C तक जा कर वापस B तक आने के दौरान, तय की गई दूरी और विस्थापन के परिमाण, क्रमश: क्या हैं ?

(a) 25 km और 60 km

(b) 95 km और 35 km

(c) 60 km और 25 km

(d) 85 km और 35 km

119. जेलेप-ला दर्रा कहाँ अवस्थित है ?

(a) पंजाब हिमालय

(b) सिक्किम हिमालय

(c) कुमाऊँ हिमालय

(d) कश्मीर हिमालय

120. बेंज़ीन के एक मोल को संतृप्त करने के लिए $H_2$ (g) के मोल की कितनी संख्या आवश्यक है ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

**121.** Which one of the following pairs of the Schedule in the Constitution of India and its Content is ***not*** correctly matched ?

| *Schedule* | | *Content* |
|---|---|---|
| (a) Eighth Schedule | : | Languages |
| (b) Second Schedule | : | The forms of oaths and affirmations |
| (c) Fourth Schedule | : | Allocation of seats in the Council of States |
| (d) Tenth Schedule | : | Provisions as to disqualification on the ground of defection |

**122.** Consider the following statements :

1. The Constitution of India empowers the Parliament to form new States and to alter the areas, boundaries or names of existing States by passing a resolution in simple majority.
2. Jammu and Kashmir has been given special status under Article 370 of the Constitution of India.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**123.** The Speaker of the Lok Sabha may resign his office by writing, addressed to the

(a) President of India

(b) Prime Minister of India

(c) Vice President of India

(d) Deputy Speaker of the Lok Sabha

**124.** Who among the following is the founder of the *'Bachpan Bachao Andolan'* ?

(a) Shantha Sinha

(b) Kailash Satyarthi

(c) Aruna Roy

(d) Anil Agarwal

**125.** Which of the following are the features of *Pradhan Mantri Jan Dhan Yojan*a ?

1. Ensuring financial inclusion of the poor
2. Enhancing financial literacy
3. Provision for accidental insurance to account holders
4. Allowing bank accounts with zero balance

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

121. भारत के संविधान की अनुसूची तथा उसके विषय के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित *नहीं* है ?

| | *अनुसूची* | | *विषय* |
|---|---|---|---|
| (a) | आठवीं अनुसूची | : | भाषाएँ |
| (b) | दूसरी अनुसूची | : | शपथ या प्रतिज्ञान के प्ररूप |
| (c) | चौथी अनुसूची | : | राज्य सभा में स्थानों का आबंटन |
| (d) | दसवीं अनुसूची | : | दल-बदल के आधार पर निरर्हता के बारे में उपबंध |

122. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत का संविधान संसद् को, साधारण बहुमत से कोई संकल्प पारित कर नए राज्यों का निर्माण तथा वर्तमान राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में परिवर्तन करने की शक्ति प्रदान करता है ।
2. भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 के अधीन जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा (स्टेटस) दिया गया है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

123. लोक सभा का अध्यक्ष किसको संबोधित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा ?

(a) भारत का राष्ट्रपति

(b) भारत का प्रधान मंत्री

(c) भारत का उप-राष्ट्रपति

(d) लोक सभा का उपाध्यक्ष

124. निम्नलिखित में से कौन, *'बचपन बचाओ आंदोलन'* का संस्थापक है ?

(a) शांता सिन्हा

(b) कैलाश सत्यार्थी

(c) अरुणा रॉय

(d) अनिल अग्रवाल

125. निम्नलिखित में से कौन-सी, *प्रधान मंत्री जन-धन योजना* की विशेषताएँ हैं ?

1. निर्धनों के वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित करना
2. वित्तीय साक्षरता को बढ़ाना
3. खाता-धारकों के लिए दुर्घटना बीमा का प्रावधान
4. शून्य शेष के साथ बैंक खातों की अनुमति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

126. The Election Commission recognizes a political party as a national party if

1. it secures at least six percent of the total valid votes polled in four or more States in a general election to the Lok Sabha or to the State Legislative Assemblies.

2. it wins at least four seats in a general election to the Lok Sabha from any State or States.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

127. Which one of the following is ***not*** a feature of the Nehru-Mahalanobis model of development strategy ?

(a) Development of capital goods industries

(b) Major involvement of the State in the economy

(c) Industrial deregulation and disinvestment in the public sector

(d) Enhancing the scope and importance of the public sector

128. Which of the following best explains the stated broad vision and aspirations of the Twelfth Five Year Plan (2012 – 2017) ?

(a) Faster, Sustainable and More Inclusive Growth

(b) Modernisation of Industries and Strengthening Infrastructure

(c) Enhancing Agricultural and Rural Incomes

(d) Checking Inflation and Strengthening non-economic variables like Nutritional Requirements, Health and Family Planning

129. *Nabhaḥ Spṛśaṁ Dīptam* is the motto of

(a) Central Industrial Security Force

(b) Indian Air Force

(c) ISRO

(d) Indian Navy

130. Consider the following statements :

1. The Amendment procedure has been provided in Article 368 of the Constitution of India.

2. The consent of the States is mandatory for all Amendments to the Constitution of India.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

126. निर्वाचन आयोग किसी राजनीतिक दल को एक राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता देता है, यदि

1. वह चार या अधिक राज्यों में लोक सभा या राज्य विधान सभाओं के लिए साधारण निर्वाचन में किए गएं मतदान के कुल वैध मतों का कम-से-कम छह प्रतिशत मत प्राप्त करे ।

2. वह लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन में किसी राज्य या किन्हीं राज्यों से, कम-से-कम चार सीटों पर जीत हासिल करे ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

127. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, विकास कार्य-नीति के नेहरू-महालनोबीस मॉडल का अभिलक्षण ***नहीं*** है ?

(a) पूँजीगत माल के उद्योगों का विकास

(b) अर्थव्यवस्था में राज्य की प्रमुख अंतर्भावितता

(c) सार्वजनिक क्षेत्रक में औद्योगिक निर्विनियमन (डीरेगुलेशन) और विनिवेश

(d) सार्वजनिक क्षेत्रक के विस्तार और महत्त्व में वृद्धि करना

128. निम्नलिखित में से कौन-सी, बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012 – 2017) की कथित व्यापक दृष्टि तथा आकांक्षाओं की सर्वोत्तम व्याख्या है ?

(a) तीव्रतर, धारणीय और अधिक समावेशी संवृद्धि

(b) उद्योगों का आधुनिकीकरण तथा आधारिक संरचना को मज़बूत बनाना

(c) कृषि तथा ग्रामीण आय को बढ़ाना

(d) मुद्रास्फीति को रोकना तथा पोषण आवश्यकताओं, स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन जैसे ग़ैर-आर्थिक परिवर्तों को मज़बूत बनाना

129. *नभः स्पृशम् दीप्तम्* किसका आदर्श-वाक्य है ?

(a) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

(b) भारतीय वायु सेना

(c) ISRO

(d) भारतीय नौसेना

130. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संशोधन कार्यविधि भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 में उपबंधित की गई है ।

2. भारत के संविधान के सभी संशोधनों के लिए राज्यों की सहमति अनिवार्य है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**131.** Which of the following statements relating to the Comptroller and Auditor General (CAG) of India is/are correct ?

1. The CAG can attend the sittings of the Committee on Public Accounts.
2. The CAG can attend the sittings of Lok Sabha and Rajya Sabha.
3. The jurisdiction of CAG is co-extensive with powers of the Union Government.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

**132.** Which of the following statements relating to election as the President of India is/are correct ?

1. A person above the age of thirty-five years is eligible for election as the President of India.
2. The President of India is eligible for re-election for more than one term.
3. A person is not eligible for election as the President of India if the person holds an office of profit.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 3 only

**133.** Which one of the following nations adopted its first democratic Constitution in September 2015 ?

(a) Bhutan

(b) Myanmar

(c) Nepal

(d) Singapore

**134.** Who among the following was defeated by Novak Djokovic in the final of the US Open Tennis Tournament Men's Singles event (2015) ?

(a) Tommy Robredo

(b) Fabio Fognini

(c) Roger Federer

(d) Pablo Cuevas

**135.** The citizens of India do ***not*** have which one of the following Fundamental Rights ?

(a) Right to reside and settle in any part of India

(b) Right to acquire, hold and dispose of property

(c) Right to practice any profession

(d) Right to form co-operative societies

**136.** Which one among the following Acts for the first time allowed Indians, at least theoretically, entry to higher posts in British Indian administration ?

(a) Charter Act, 1813

(b) Charter Act, 1833

(c) Charles Wood's Education Despatch, 1854

(d) Indian Councils Act, 1861

131. भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (CAG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. CAG, लोक लेखा समिति की बैठकों में भाग ले सकता है ।
2. CAG, लोक सभा तथा राज्य सभा की बैठकों में भाग ले सकता है ।
3. CAG की अधिकारिता संघ सरकार की शक्तियों के साथ सहविस्तृत है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

132. भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. पैंतीस वर्ष की आयु से ऊपर का कोई व्यक्ति भारत के राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचन के लिए पात्र है ।
2. भारत का राष्ट्रपति एक से अधिक अवधि के लिए पुनर्निर्वाचन का पात्र है ।
3. कोई व्यक्ति यदि लाभ का पद धारण करता है, तो वह भारत के राष्ट्रपति के लिए निर्वाचन का पात्र नहीं है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 3

133. निम्नलिखित में से कौन-से एक राष्ट्र ने सितम्बर 2015 में अपना पहला लोकतंत्रात्मक संविधान अपनाया ?

(a) भूटान

(b) म्यांमार

(c) नेपाल

(d) सिंगापुर

134. निम्नलिखित में से किसे, नोवाक जोकोविच ने US ओपन टेनिस टूर्नामेंट पुरुष एकल ईवेंट (2015) के फाइनल में हराया था ?

(a) टॉमी रॉब्रेडो

(b) फैबियो फॉगनिनि

(c) रोजर फेडरर

(d) पाब्लो कुएवास

135. निम्नलिखित मूल अधिकारों में से कौन-सा एक, भारत के नागरिकों के पास ***नहीं*** है ?

(a) भारत के किसी भाग में निवास करने और बस जाने का अधिकार

(b) संपत्ति अर्जन, धारण और व्ययन का अधिकार

(c) कोई वृत्ति करने का अधिकार

(d) सहकारी समितियाँ बनाने का अधिकार

136. निम्नलिखित अधिनियमों में से किस एक ने भारतीयों को पहली बार, कम-से-कम सैद्धांतिक रूप से, ब्रिटिश भारतीय प्रशासन में उच्चतर पदों पर प्रवेश की अनुमति दी ?

(a) चार्टर ऐक्ट, 1813

(b) चार्टर ऐक्ट, 1833

(c) चार्ल्स वुड्स एजुकेशन डिस्पैच, 1854

(d) इंडियन काउन्सिल्स ऐक्ट, 1861

**137.** Consider the following statements about Rashtrakuta kings :

1. They were ardent patrons of Shaivism and did not support other forms of religion.
2. They promoted only Sanskrit scholars and gave them large grants.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**138.** After a ban on unscientific coal mining and transportation of coal in this region by the National Green Tribunal, many of those engaged in the activity have been switching to turmeric farming for their livelihood. The region referred above is

(a) Jaintia Hills, Meghalaya
(b) Koriya, Chhattisgarh
(c) Angul, Odisha
(d) Bardhaman, West Bengal

**139.** Which of the following statements about the first act of the Revolt of 1857 is/are true ?

1. It occurred in Meerut when two sepoys stole a superior officer's rifle.
2. It began when the Rani of Jhansi declared war on the British.
3. It began when Mangal Pandey fired at a European officer in Meerut.
4. It began when Mangal Pandey fired at a European officer in Barrackpore.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 4 only
(d) 1 and 4 only

**140.** Which of the following statements about Gandhiji's *Hind Swaraj* written in 1909 is/are true ?

1. *Hind Swaraj* offers a civilizational concept of the Indian nation.
2. *Hind Swaraj* states that Parliamentary democracy was necessary for the amelioration of the sufferings of Indians.
3. *Hind Swaraj* argues that Industrial capitalism was responsible for the immorality of society.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 1 and 3 only
(d) 1 only

**141.** Division of labour often involves

1. specialized economic activity.
2. highly distinct productive roles.
3. involving everyone in many of the same activities.
4. individuals engage in only a single activity and are dependent on others to meet their various needs.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 3 and 4 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 3 only
(d) 2 and 4 only

137. राष्ट्रकूट राजाओं के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वे शैवमत के प्रबल संरक्षक थे और धर्म के अन्य रूपों का समर्थन नहीं करते थे ।
2. उन्होंने केवल संस्कृत विद्वानों को बढ़ावा दिया और उन्हें बृहत् अनुदान दिए ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

138. राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा इस क्षेत्र में अवैज्ञानिक कोयला खनन और कोयला परिवहन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद इस कार्यकलाप में लगे अनेक लोग अपनी आजीविका के लिए हल्दी की खेती को अपना रहे हैं । ऊपर बताया गया क्षेत्र कौन-सा है ?

(a) जैंतिया पहाड़ियाँ, मेघालय
(b) कोरिया, छत्तीसगढ़
(c) आंगुल, ओडिशा
(d) बर्धमान, पश्चिम बंगाल

139. 1857 के विद्रोह की सर्वप्रथम घटना के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं ?

1. यह मेरठ में घटी जब दो सिपाहियों ने एक वरिष्ठ अधिकारी की राइफल चुरा ली ।
2. इसकी शुरूआत तब हुई जब झाँसी की रानी ने ब्रिटिश से युद्ध की घोषणा की ।
3. इसकी शुरूआत तब हुई जब मंगल पांडेय ने मेरठ में एक यूरोपीय अधिकारी पर गोली चला दी ।
4. इसकी शुरूआत तब हुई जब मंगल पांडेय ने बैरकपुर में एक यूरोपीय अधिकारी पर गोली चला दी ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 4
(d) केवल 1 और 4

140. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन, गाँधीजी द्वारा 1909 में लिखी गई *हिन्द स्वराज* के बारे में सत्य है/हैं ?

1. *हिन्द स्वराज* भारतीय राष्ट्र की एक सभ्यतापरक संकल्पना प्रस्तुत करती है ।
2. *हिन्द स्वराज* यह स्पष्ट करती है कि भारतीयों की दुर्दशा में सुधार के लिए संसदीय लोकतंत्र आवश्यक था ।
3. *हिन्द स्वराज* यह तर्क देती है कि औद्योगिक पूँजीवाद, समाज की अनैतिकता के लिए उत्तरदायी था ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 3
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 1

141. श्रम विभाजन में प्राय: क्या सम्मिलित होता है ?

1. विशेषीकृत आर्थिक क्रियाकलाप
2. अत्यंत सुस्पष्ट उत्पादक भूमिकाएँ
3. हर-एक को कई समान क्रियाकलापों में सम्मिलित करना
4. व्यक्ति सिर्फ एकल क्रियाकलाप में लगे रहते हैं तथा अपनी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अन्य पर निर्भर रहते हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 3 और 4
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 3
(d) केवल 2 और 4

**142.** Who among the following is/was associated with 'Maharashtra Andhashraddha Nirmoolan Samiti' ?

(a) Chandi Prasad Bhatt

(b) Narendra Dabholkar

(c) G.D. Agrawal

(d) Kailash Satyarthi

**143.** Consider the following statements :

1. Warren Hastings set up the Calcutta Madrassa for the study and teaching of Muslim law related subjects.
2. Jonathan Duncan started a Sanskrit College at Varanasi for the study of Hindu law and philosophy.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**144.** Consider the following statements about Sufism in India :

1. Pilgrimage called *ziyarat* to tombs of Sufi saints is an important feature.
2. The most influential group of Sufis in India were the Chishtis.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**145.** Which of the following thinkers and movements influenced the development of Gandhiji's political ideas ?

1. Henry David Thoreau
2. John Ruskin
3. John Milton
4. Jainism

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 4 only

(d) 2 and 4 only

**146.** Consider the following statements :

1. The *Arthashastra* is the first Indian text to define a State.
2. The main concerns of the *Arthashastra* are theoretical issues like the origins of the state.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**142.** निम्नलिखित में से कौन, 'महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति' से संबद्ध है/था ?

(a) चंडी प्रसाद भट्ट

(b) नरेन्द्र दाभोलकर

(c) जी.डी. अग्रवाल

(d) कैलाश सत्यार्थी

**143.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मुस्लिम विधि से संबंधित विषयों के अध्ययन और अध्यापन के लिए वारेन हेस्टिंग्स ने कलकत्ता मदरसा स्थापित किया ।
2. हिन्दू विधि तथा दर्शन के अध्ययन के लिए जोनाथन डंकन ने वाराणसी में संस्कृत कॉलेज शुरू किया ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**144.** भारत में सूफ़ीमत के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सूफ़ी संतों की मज़ारों पर *ज़ियारत* के नाम से जानी जाने वाली तीर्थयात्रा एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है ।
2. भारत में सूफ़ियों के सर्वाधिक प्रभावशाली समूह, चिश्ती थे ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**145.** निम्नलिखित विचारकों और आंदोलनों में से किसने/किन्होंने गाँधीजी के राजनीतिक विचारों के विकास को प्रभावित किया ?

1. हेनरी डेविड थोरो
2. जॉन रस्किन
3. जॉन मिल्टन
4. जैनमत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) केवल 2 और 4

**146.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. *अर्थशास्त्र,* राज्य को परिभाषित करने वाला प्रथम भारतीय मूल ग्रंथ है ।
2. *अर्थशास्त्र* का प्रमुख सरोकार राज्य की उत्पत्ति जैसे सैद्धांतिक मुद्दों से है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**147.** Which of the following is/are ***not*** FDI policy change(s) after 2010 ?

1. Permission of 100 percent FDI in automotive sector
2. Permitting foreign airlines to make FDI up to 49 percent
3. Permission of up to 51 percent FDI under the government approval route in multi-brand retailing, subject to specified conditions
4. Amendment of policy on FDI in single-brand product retail trading for aligning with global practices

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 4 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3 only

**148.** Which of the following is/are the component/components of the Integrated Power Development Scheme launched by the Government of India recently ?

1. Strengthening of sub-transmission and distribution networks in the urban areas
2. Metering of distribution transformers/ feeders/consumers in the rural areas

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**149.** Which of the following statements about Brahmo Samaj is/are correct ?

1. The Brahmo Marriage Act of 1872 allowed inter-caste and widow re-marriage only if the contracting parties declared themselves to be non-Hindus.
2. Keshub Chandra Sen arranged the marriage of his minor daughter with the Maharaja of Burdwan.
3. Keshub Chandra Sen's followers broke away to form the Naba Brahmo Samaj.
4. The Brahmo Samaj grew from a small elite group to a mass movement in the $19^{th}$ century.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**150.** Which of the following statements about the aims of the United Nations is/are true ?

1. To foster a mutual appreciation of each others' culture and literature among nations
2. To achieve international co-operation in solving problems of an economic, social, cultural, or humanitarian character
3. To foster relations between scholars and academics in different countries
4. To organize international conferences

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1, 2 and 4 only

(c) 2 only

(d) 1, 2 and 3 only

147. निम्नलिखित में से कौन-सा/से, 2010 के पश्चात् का/के FDI नीति परिवर्तन ***नहीं*** है/हैं ?

1. मोटर (ऑटोमोटिव) क्षेत्रक में 100 प्रतिशत FDI की अनुमति
2. विदेशी हवाई कंपनियों को 49 प्रतिशत तक FDI करने की अनुमति
3. बहु-ब्रांड खुदरा व्यापार में, सरकारी अनुमोदन के मार्ग से 51 प्रतिशत तक FDI की अनुमति, जो विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन होगी
4. विश्वव्यापी व्यवहारों के अनुरूप किए जाने के लिए, एकल-ब्रांड उत्पाद खुदरा व्यापार में FDI पर नीति का संशोधन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 1, 2 और 3

148. निम्नलिखित में से कौन-सा/से, भारत सरकार द्वारा हाल ही में प्रारम्भ की गई एकीकृत विद्युत् विकास योजना का/के घटक है/हैं ?

1. शहरी क्षेत्रों में अवसंचरण (सबट्रांसमिशन) और वितरण नेटवर्क को सशक्त बनाना
2. ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण परिणामित्र (ट्रान्सफॉर्मर)/संभरक (फीडर)/कंज़्यूमर का मीटरन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

149. ब्रह्म समाज के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. 1872 का ब्रह्म विवाह अधिनियम अन्तर्जातीय और विधवा पुनर्विवाह की अनुमति सिर्फ तभी देता था जब संविदाकारी पक्ष ख़ुद को ग़ैर-हिन्दू घोषित करते थे ।
2. केशव चन्द्र सेन ने अपनी अवयस्क पुत्री का विवाह बर्दवान के महाराजा के साथ आयोजित किया ।
3. केशव चन्द्र सेन के अनुयायियों ने उनसे अलग हो कर नव ब्रह्म समाज बनाया ।
4. 19वीं शताब्दी में ब्रह्म समाज एक छोटे अभिजन समूह से बढ़ कर जन-आंदोलन बन गया ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

150. संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं ?

1. राष्ट्रों के बीच एक-दूसरे की संस्कृति और साहित्य के प्रति परस्पर समादर विकसित करना
2. आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, या मानवीय स्वरूप वाली समस्याओं के समाधान में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करना
3. विभिन्न देशों में विद्वानों तथा शिक्षकों के बीच सम्बन्ध विकसित करना
4. अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 2

(d) केवल 1, 2 और 3

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

# SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

**टी.बी.सी. : B-OEBA-P-LEW** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

# परीक्षण पुस्तिका
# सामान्य योग्यता परीक्षण

# A

***समय : दो घण्टे और तीस मिनट*** ***पूर्णांक : 600***

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हों । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम (सीरीज कोड) A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दो भागों में दिए गए हैं : **भाग – A** और **भाग – B** । ***भाग – B में प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*** प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.